प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

कोलकाता दुष्कर्म–पीएम

पदम पुरस्कारों से सम्मानित 70 से अधिक डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की मांग की है। इन डॉक्टरों ने कहा है कि क्रूरता की ऐसी घटनाएं चिकित्सा क्षेत्र की सेवाओं को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा पर तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का भी आग्रह किया।

इस मामले को लेकर रैजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन, आर.डी.ए. व सैमडिकोट ने आज शिमला के इंदिरा गांधी मैडिकल कॉलेज, आई.जी.एम.सी. और मातृ शिशु अस्पताल, के.एन.एच. सहित अन्य मैडिकल कॉलेजों व अस्पतालों में ओपीडी व ओटी की सेवाएं बंद रखने का निर्णय लिया है, हालांकि इस दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि स्कूलों में पत्राचार के लिए प्रदेश सरकार आउटसोर्स पर स्टॉफ भर्ती करेगी, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि वे स्कूल जिनमें 5 से कम विद्यार्थी हैं को नजदीकी स्कूलों में मर्ज किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए आवश्यकता पड़ी तो इन स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए परिवहन सुविधा के लिए सरकार 20 हजार रुपये तक खर्च करेगी। हमीरपुर में ''मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना'' का शुभारम्भ करने के अवसर पर उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करना है। ये योजना मौजूदा मिड–डे–मील योजना की पूरक होगी और प्रदेश के 15 हज़ार एक सौ 81 स्कूलों के नर्सरी से 8वीं कक्षा तक के बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान प्राथमिक शिक्षकों को टैबलेट भी वितरित किए गए।

रक्षाबंधन

भाई–बहन के पवित्र प्रेम व अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व आज देश सहित प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें अपने भाईयों की कलाई पर रंग–बिरंगी राखी बांधती है और उनकी समृद्धि, स्वास्थ्य व कल्याण के लिए प्रार्थना करती हैं। वहीं भाई अपनी बहनों की रक्षा और उन्हें मदद का वचन देते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने देशवासियों को शुभकामनाएँ दी है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार भाइयों और बहनों के बीच अनूठे बंधन का उत्सव है जो प्यार और आपसी विश्वास की भावनाओं को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि, ये पावन पर्व आप सभी के रिश्तों में नई मिठास और जीवन में सुख–समृद्धि व सौभाग्य लेकर आए।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि, ये पावन पर्व आपके जीवन को सुख समृद्धि और सौभाग्य के प्रकाश से आलोकित करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी इस अवसर पर कहा– ये पर्व भाई–बहन के प्रेम व विश्वास का प्रतीक है जो एक बहन अपने भाई की कलाई पर डोरी बांध कर सदैव अपनी रक्षा की कामना करती हैं। इस बीच इस मौके पर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को आज निशुल्क बस यात्रा की सुविधा दी जा रही है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है जिसके चलते अधिकतर भागों में वर्षा का क्रम जारी है। इस दौरान कई स्थानों पर वर्षा का समाचार है। राजधानी शिमला व आसपास के क्षेत्रों में भी वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई है। प्रशासन ने मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए लोगों से एहतियात बरतने और नदी–नालों के किनारे न जाने की अपील की है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से––––––

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है– स्कूलों में पत्राचार के लिए आउटसोर्स पर स्टाफ भर्ती करेगी सरकार। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं– सरकारी स्कूलों में आउटसोर्स भर्ती। हिमाचल दस्तक के अनुसार– गुणात्मक शिक्षा मुहैया करवाने को सरकार प्रयासरत। दैनिक जागरण के मुताबिक– 6 माह में पटरी पर आएगी अर्थव्यवस्था।

पंजाब केसरी का शीर्षक है– हिमाचल के मैडिकल कॉलेजों व अस्पतालों में आज नहीं चलेगी ओपीडी व ओटी। दैनिक भास्कर की सुर्खी है– कालका शिमला हैरिटेज ट्रैक पर विस्टाडोम लग्जरी कोच ट्रैक पर दौड़ने को तैयार– दैनिक जागरण लिखता है। आईजीएमसी के कन्या छात्रावास में घुसा युवक गिरने से मौत–छात्रावास की सुरक्षा पर उठे प्रश्न। इसी अखबार की एक अन्य खबर है– परवाणु बद्दी समेत कई शहरों की वायु गणवत्ता सुधरी।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री के हवाले से सुर्खी दी है– अर्थव्यवस्था के पटरी पर आने पर मिलेगा एरियर व महंगाई भत्ते।

मौसम पर आपका फैसला की सुर्खी है– हिमाचल में बाढ़ व भूस्खलन से अब तक 31 लोगों ने गंवाई जान– हिमाचल दस्तक के अनुसार–तीन दिन भारी बारिश– 22 से धीमा पड़ेगा मॉनसून।

––––––––––––––